आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ 25 (6)/सामान्य पत्रावली/2013/1352 दिनांक : 17.02.20

प्राचार्य,
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान।

विषय :— महालेखाकार के प्रतिवेदनों, निदेशक निरीक्षण विभाग के आंतरिक जांच प्रतिवेदन, भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन तथा विशेष जांच प्रतिवेदनों के बकाया आक्षेपों की अद्यतन सूचना प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :— इस कार्यालय का पत्र दिनांक 22.11.2019 एवं संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा के पत्र दिनांक 06.02.2020

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों के क्रम में लेख है कि दिनांक 26.02.2020 को शासन सचिव महोदया (उच्च एवं तकनीकी शिक्षा) की अध्यक्षता में ऑडिट कमेटी की बैठक आयोजित की जायेगी जिसमें महालेखाकार निरीक्षण प्रतिवेदन, सी.ए.जी. प्रतिवेदनों में समाविष्ट अनुच्छेद आंतरिक निरीक्षण प्रतिवेदन/भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन विषयों की प्रगति की समीक्षा की जावेगी। महालेखाकार, आंतरिक जांच एवं भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन तथा विशेष जांच प्रतिवेदनों के बकाया आक्षेपों की इस सम्बन्ध में अद्यतन सूचना निर्धारित प्रारूप में प्रत्येक माह की 05 तारीख तक भिजवाने हेतु पत्रांक 1254 दिनांक 22.11.2019 लिखा गया था, एवं वित्तीय सलाहकार, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉफ्रेसिंग में भी लगातार उक्त सूचना नियमित रूप से भिजवाने हेतु निर्देशित किया जाता रहा है। परन्तु कुछ एक कॉलेजों को छोडकर समस्त कॉलेजों से चाही गयी सूचना आदिनांक तक प्रेषित नहीं की गयी है। जिससे बकाया अनुच्छेदों की वर्तमान स्थिति की रिपोर्ट बनाया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि संलग्न प्रारूप में चाही गयी सूचना अविलम्ब **दिनांक 18.02.2020 दोप. 02 बजे** तक ई–मेल आई.डी. cao.cce@rajasthan.gov.in पर तथा प्रत्येक माह 01 तारीख से 05 तारीख के मध्य यह सूचना भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

उच्च स्तर पर इस विषय को अत्यन्त गम्भीरता से लिया गया है। अब आप द्वारा समय पर सूचना नहीं भिजवाये जाने के कारण उत्पन्न विलम्ब हेतु आप स्वयं व्यक्तिशः उत्तरदायी होंगे। कृपया इस पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक : एफ 25 (6)/सामान्य पत्रावली/2013/1353 दिनांक : 17.02.20

प्रतिलिपि : वेबसाइट प्रभारी को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु

वित्तीय सलाहकार
कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

(बकाया ऑडिट प्रतिवेदन व आक्षेपों की सूचना का प्रपत्र)

श्रीमान वित्तीय सलाहकार
आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

विषय :– महालेखाकार के प्रतिवेदन, निदेशक निरीक्षण विभाग के आंतरिक जांच प्रतिवेदन, भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन तथा विशेष जांच प्रतिवेदनों के बकाया आक्षेपों की अद्यतन सूचना।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि महाविद्यालय के महालेखाकार के प्रतिवेदन, निदेशक निरीक्षण विभाग के आंतरिक जांच प्रतिवेदन, भौतिक सत्यापन प्रतिवेदन तथा विशेष जांच प्रतिवेदनों के बकाया आक्षेपों की अद्यतन सूचना आप द्वारा निर्धारित प्रारूप में निम्नानुसार प्रेषित की जा रही है :–

महालेखाकार के प्रतिवेदनः–

क्र. सं.	विवरण	प्रतिवेदन	आक्षेप
1	26 दिसम्बर 2019 को बकाया प्रतिवेदन व आक्षेप की स्थिति		
2	26 दिसम्बर 2019 के पश्चात नये जुडे प्रतिवेदन व आक्षेप		
3	आदिनांक तक निरस्त किये गये आक्षेपों की स्थिति		
4	आदिनांक तक कुल बकाया आक्षेपों की स्थिति		

निरीक्षण विभाग के आंतरिक जांच के प्रतिवेदनः–

क्र. सं.	विवरण	प्रतिवेदन	आक्षेप
1	26 दिसम्बर 2019 को बकाया प्रतिवेदन व आक्षेप की स्थिति		
2	26 दिसम्बर 2019 के पश्चात नये जुडे प्रतिवेदन व आक्षेप		
3	आदिनांक तक निरस्त किये गये आक्षेपों की स्थिति		
4	आदिनांक तक कुल बकाया आक्षेपों की स्थिति		

निरीक्षण विभाग के भौतिक जांच के प्रतिवेदनः–

क्र. सं.	विवरण	प्रतिवेदन	आक्षेप
1	26 दिसम्बर 2019 को बकाया प्रतिवेदन व आक्षेप की स्थिति		
2	26 दिसम्बर 2019 के पश्चात नये जुडे प्रतिवेदन व आक्षेप		
3	आदिनांक तक निरस्त किये गये आक्षेपों की स्थिति		
4	आदिनांक तक कुल बकाया आक्षेपों की स्थिति		

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय ....
मोबाईल नं ....
ई–मेल आई डी ....